तापमान
अधिकतम 20.3 डिग्री
न्यूनतम 1.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026



12 आरक्षित किए गए वार्डों को लेकर यूएलबी ने की ...





12 विकसित भारत-जी राम जी महत्वाकांक्षी ..




## खबर संक्षेप

### जूडो खिलाड़ी के साथ घायल दोस्त ने तोड़ा दम

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा में तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए जूडो खिलाड़ी एकांत के दोस्त रोहन शाह की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद एकांत ने मौके पर दम तोड़ दिया था, जबकि रोहन का उपचार पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। दोनों दोस्त बाइक पर अपने-अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतक गांव गुढ़ा निवासी 18 वर्षीय रोहन शाह लाडवा में एक जूते की दुकान पर काम करता था।

### घर और दुकान से नकदी व हजारों के सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव मिल्क खास में चोरों ने सूने घर व दुकान का ताला तोड़कर 20 हजार रुपये की नकदी तथा सोने व चांदी के आभूषण समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मिल्क खास निवासी गीता रानी ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि घर में ही उसने दुकान की हुई है। परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गई थी। घर लौटे तो ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर व दुकान से 20 हजार की नकदी, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का हार, एक जोड़ी कानों के टॉप्स, एक जोड़ी पायल, हाथों के जस्तबंद व अन्य सामान गायब मिला।

### मां बेटे पर मारपीट का आरोप, केस दर्ज

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव सालेहपुर में बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी मां बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। गांव सालेहपुर निवासी जोगिंदर सिंह ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि आठ जनवरी को रात आठ बजे उसकी गांव के ही निर्मल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से निर्मल उससे रंजिश रखने लगा।

### रंजिश के चलते महिला के साथ मारपीट

**यमुनानगर।** शहर की सरोजनी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के नजदीक कार में सवार होकर आए एक व्यक्ति ने महिला ने रंजिश के चलते शिव नगर कैंप निवासी नाशमा के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। नाशमा ने पुलिस को इसकी शिकायत दी है।

### सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी से 29.5 लाख की ठगी

**कुरुक्षेत्र।** साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी को स्टाक मार्केट में इंवेस्टमेंट कराने के बहाने साढ़े 29 लाख रुपये ठग लिए। साइबर ठगों ने कर्मचारी को विश्वास दिलाने के लिए उनका वालेट अकाउंट बना दिया। इसमें हर इंवेस्टमेंट पर ठग प्राफिट दिखाए थे। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिहोवा के प्रोफेसर कालोनी निवासी कृष्ण लाल ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि वे सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी है। वह पिछले कई सालों से शेयर मार्केट में डीमेट अकाउंट के जरिए ट्रेडिंग करते आ रहे हैं।

### पानीपत से शराब तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 ने शराब तस्करी के आरोप में बृजेश निवासी गांव नुरपुर मुगलान जिला पानीपत व उरलाना चौकी पुलिस की टीम ने कुराना गांव निवासी अनिल पुत्र सतबीर को शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया है।

## ऊर्जा मंत्री ने महंत चिरंजीपुरी महाराज से लिया आशीर्वाद

# ब्रह्मसरोवर के नजदीक बनेगा 100 बेड का अस्पताल: विज

*भगवान कृष्ण के गीता ज्ञान की गंगा से कुरुक्षेत्र का बढ़ा आकर्षण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में गीता का उपदेश कर इसका आकर्षण बढ़ा दिया है। इस धरा पर ज्ञान की जो गंगा बही, वह विश्व का मार्गदर्शन बन रही है। इस ज्ञान की गंगा से समाज को भी नई दिशा मिल रही है। ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को महंत चिरंजी पुरी जी महाराज के 96वें जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर के ट्रस्टियों द्वारा उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने महंत चिरंजी पुरी जी महाराज के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। चिरंजी पुरी जी महाराज द्वारा ऊर्जा मंत्री को पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने 100 बेड के अस्पताल के लिए 30 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। ऊर्जा मंत्री द्वारा महाराज के जन्मदिवस पर जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि महंत चिरंजी पुरी जी महाराज पिछले 40 सालों से आधा गिलास लस्सी और एक लंगोटी में अपना जीवनयापन कर रहे हैं, उनकी तपस्या, त्याग और समाज के लिए प्रेरणा है।



कुरुक्षेत्र। कंबल वितरित करते ऊर्जा मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

### हर व्यक्ति को सहजता के साथ इलाज सुविधा मुहैया होगी

श्रीब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र अष्टदश विभूति ज्ञान द्वारा 18 मंजिला मंदिर बनाया गया। ट्रस्ट द्वारा धर्मशाला संचालित है, जिसमें कुरुक्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आश्रय मिल रहा है। ट्रस्ट द्वारा ब्रह्मसरोवर के नजदीक 100 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा, उससे स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और समाज के हर व्यक्ति को सहजता के साथ इलाज सुविधा मुहैया होगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति सुख की प्राप्ति के लिए भागदौड़ कर रहा है, लेकिन जन सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति को समाज सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। समाज से जो कुछ प्राप्त करते हैं तो समाज का हमारे ऊपर ऋण चढ़ता है। ऋण उतारने का एक ही तरीका है, जन सेवा के कार्यों में हिस्सेदारी। यदि व्यक्ति समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान नहीं देगा तो उसे समाज का ऋण उतारने के लिए धरती पर बार-बार जन्म लेना पड़ेगा।

### समाज सेवा से मिलती है नई प्रेरणा

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने महंत चिरंजी पुरी जी महाराज द्वारा पिछले 40 सालों से आधा गिलास लस्सी और एक लंगोटी में जीवन यापन करने की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में कोई व्यक्ति भूखा न सोए और सभी को आश्रय मिले, यह ऐसे तपस्वियों के तप और त्याग के चलते ही संभव है। उन्होंने वैज्ञानिकों को आह्वान किया कि यदि भक्ति की शक्ति देखनी है तो महंत चिरंजी पुरी जी महाराज के आश्रम में आकर देखें कि एक संत आधा गिलास लस्सी पीकर समाज को नई दिशा दिखा रहा है।,

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राधे श्याम, सुभाष जिंदल, सुशील गुप्ता, नवीन, हरि ओम, सतपाल सिंगला, राजेश, जगदीश अग्रवाल, डा. पवन गोयल, रामपाल सिंगला, लच्छी राम मित्तल, सतीश कुमार मित्तल, राज गोयल, विजय गोयल, नरेन्द्र बिंदल, धर्मपाल, बृज भूषण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*अंबाला के एसए जैन कॉलेज रोड पर किराये के मकान में रह रहे थे परिजन*

# पति-पत्नी ने जहर निगला, महिला की मौत

*कोई सुसाइड नोट और जहरीला पदार्थ नहीं मिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एसए जैन कॉलेज रोड पर किराये के मकान में रह रहे पति-पत्नी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इस घटना में महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति को जिला नागरिक अस्पताल से चंडीगढ़-32 रेफर किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला को गंभीर अवस्था में जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस चौकी नंबर-दो प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि करीब तीन वर्ष से राकेश कुमार अपनी पत्नी रीना व बच्चों के साथ यहां किराये पर रह रहा था। राकेश कुमार राजमिस्त्री के पास नया गांव में काम पर लगा हुआ था। जब राकेश कुमार मजदूरी करने के लिए नहीं पहुंचा तो उनके साथी घर पर पहुंचे तो अंदर से कुंडी लगी हुई थी। सूचना मिलते ही महिला रीना की बहन और उनके बच्चे भी पहुंच गए। खिड़की की जाली काटकर अंदर गए तब जाकर घटना का पता चला। प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट और जहरीला पदार्थ नहीं मिला है।

### पानीपत में शेयर की खरीदफरोख्त का झांसा देकर 48 लाख रुपये ठगे

**पानीपत।** पानीपत में साइबर ठगों ने विराट नगर निवासी प्रदीप ठाकुर से लाखों रुपये ठग लिए। वहीं, ठगों ने प्रदीप को शेयर बाजार में निवेश की ट्रेनिंग और मोटी रकम के मुनाफे का लालच देकर ठगों ने युवक से किस्तों में कुल 47 लाख 76 हजार रुपये हड़प लिए। वहीं, खुद के साथ ठगी होने का पता लगने पर प्रदीन ने इस मामले की शिकायत पुलिस को दी है। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। साथ ही साक्ष्यों के आधार पर मामले की आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रदीप ने बताया कि ठगों ने प्रदीप का मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और उन्हें 'वर्मा क्लब ट्रेनिंग ग्रुप' नामक एक सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़ दिया। इस ग्रुप में हर रोज कथित निवेश और उससे होने वाले मोटे मुनाफे के स्क्रीनशॉट और जानकारी साझा की जाती थी। ग्रुप के अन्य सदस्यों जो संभवतः ठगों के ही साथी थे की सफलता देख प्रदीप आरोपियों के झांसे में आकर नगदी गंवा बैठा।

■ सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर दिया लालच

*समालखा के जीटी रोड पर हादसा*

# पेंट से लदे ट्रक में आग लगने से भारी नुकसान

**समालखा।** समालखा में जीटी रोड पर शुक्रवार सुबह पेंट के डिब्बों से भरे एक कैंटर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही कैंटर चालक ने कूदकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं, कैंटर चालक शीलू ने बताया कि वह फरीदाबाद के होडल से पेंट का सामान लेकर करनाल जा रहा था। समालखा जीटी रोड पर मन्नत ढाबे के पास पहुंचते ही गाड़ी से धुआं निकलने लगा और पल भर में आग भीषण रूप धारण कर गई। आग में कैंटर व इसमें लगा पेंट के डिब्बे जल कर राख हो गए। आग लगने से कैंटर व इसमें लदा सामान जल गया। वहीं पुलिस न फायर ब्रिगेड की मदद से आग को काबू करवाया। हालांकि जीटी रोड पर यातायात बाधित नहीं हुआ।

### तेज रफ्तार कार ने बाइकर्स को मारी टक्कर, मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद थाना पुलिस के अंतर्गत रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे दयाल नगर के पास तेज रफ्तार कार ने एक युवक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक शाहाबाद में किराये पर कमरा लेकर रहता था और छुट्टी के बाद घर लौट रहा था। मृतक की पहचान पंजाब के जिला मोगा के गांव जलालाबाद निवासी 29 वर्षीय दीप उर्फ करमजीत सिंह के रूप में हुई। वह अविवाहित था और शाहाबाद की किसान मंत्र फैक्ट्री में काम करता था।

*कुरुक्षेत्र में कांग्रेस का 'संगठन सृजन' शिविर, 60 जिला अध्यक्ष ले रहे हैं भाग*

# अलका लांबा ने हरियाणा एवं उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया

*पार्टी हित में कार्य करने के बारे में चर्चा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संगठन सर्जन के अंतर्गत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पंजाबी धर्मशाला में हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा का विशेष सत्र रहा। दोनों प्रदेशों से 60 जिला अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। अलका लांबा ने जिलाध्यक्षों के साथ अपने विचार सांझा किए।

धर्मशाला के एक बंद हॉल में चले सत्र में अलका लांबा ने जिलाध्यक्षों को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन की मजबूती, पार्टी हित में निरंतर कार्य करने बारे चर्चा की। एक अन्य सत्र में जिलाध्यक्षों ने धर्मशाला में ही मनरेगा मजदूरों के साथ बातचीत की। उनसे योजना में किए गए बदलाव, रोजगार की गारंटी सहित कई पहलुओं पर चर्चा की। इससे पहले गत वीरवार को जिलाध्यक्षों ने जिला के गांवों में जाकर ग्रामीणों से बातचीत की थी और उनसे समस्याओं व अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श भी किया था।



कुरुक्षेत्र। पंजाबी धर्मशाला में मौजूद पार्टी के पदाधिकारी।

### समालखा: चुलकाना के सरपंच सतीश पर केस दर्ज

**समालखा।** पानीपत के चुलकाना गांव के सरपंच सतीश कुमार पर थाना समालखा पुलिस ने केस दर्ज किया है। सतीश पर एनआईओएस से दो अलग-अलग जन्म तिथियों और विवरणों के साथ 10वीं कक्षा की दो मार्कशीट बनवाने और उनका दुरुप्रयोग पंचायती चुनाव में करने का आरोप है। चुलकाना गांव निवासी ऋषिपाल सैनी ने सीएम विंडो पर सरपंच सतीश पर दो अलग-अलग जन्म तिथियों और विवरणों के साथ दसवीं की दो मार्कशीट बनवाने और दुरुप्रयोग पंचायती चुनाव में करने का आरोप लगाया था।

■ 10वीं की दो फर्जी मार्कशीट बनवाने का आरोपी

# बैंक में छत पर बने किचन में मिला सिक्योरिटी गार्ड का शव

*हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के जगाधरी वर्कशॉप रोड स्थित एक निजी बैंक में छत पर बने किचन में सिक्योरिटी गार्ड का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर फोरेसिंग टीम, फरकपुर थाना व सीआईए वन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रारंभिक जांच में सिक्योरिटी गार्ड की मौत वजह हार्ट अटैक बताया जा रहा है। गांव मंसूरपुर निवासी 26 वर्षीय विकास दिल्ली की सिक्योरिटी कंपनी में पांच महीने से काम कर रहा था। वह शहर के जगाधरी वर्कशॉप स्थित एक प्राइवेट बैंक में दोपहर तीन बजे से रात को 11 तक ड्यूटी करता था। उसके बाद बैंक का लॉक लगाकर घर चला जाता था। शुक्रवार सुबह जब कर्मचारी बैंक में आए तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कर्मचारी दरवाजा तोड़कर अंदर गए और पूरा मामला देखकर दंग रह गए।

# सड़क पर पाकिस्तान का झंडा व 'नो मुस्लिम जोन' लिखा

**करनाल।** करनाल जिले के कैलाश गांव के एंट्री प्वाइंट वाली सड़क पर शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क पर पाकिस्तान के झंडे जैसी पेंटिंग बनी हुई मिली और साथ ही अंग्रेजी में "नो मुस्लिम जोन" लिखा होने की चर्चा सामने आई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने इसे माहौल बिगाड़ने की साजिश बताते हुए प्रशासन से तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में किसी प्रकार का विवाद नहीं है और सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मिल-जुलकर रहते हैं, लेकिन सड़क पर इस तरह के शब्द लिखे जाने से गांव की छवि खराब करने की कोशिश हो रही।



# एजेंट पर मृतक व्यक्ति की बुढ़ापा पेंशन हड़पने का आरोप

*मुख्यमंत्री उड़न दस्ता के उप निरीक्षक की शिकायत पर*

**यमुनानगर।** गांव मछरौली निवासी अमित पर गांव प्रभोली निवासी मृतक रफीक की करीब नौ साल तक बुढ़ापा पेंशन बैंक से निकलवा कर हड़पने का आरोप लगा है। पुलिस ने मुख्यमंत्री उड़न दस्ता के उप निरीक्षक परविंदर कुमार की शिकायत पर आरोपी अमित कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता अंबाला के उप निरीक्षक परविंदर कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव प्रभोले निवासी रफीक की 2015 में बुढ़ापा पेंशन लगी थी। बुढ़ापा पेंशन लगने के एक साल के बाद रफीक की मृत्यु हो गई थी। रफीक एमएस मणिपाल बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड जिनका एचडीएफसी बैंक के साथ टाईअप है, के एजेंट गांव मछरौली निवासी अमित कुमार से पेंशन प्राप्त करता था। 2016 में रफीक की मृत्यु हो गई थी। आरोप है कि रफीक की मृत्यु के बाद भी एजेंट अमित कुमार उसकी बुढ़ापा पेंशन निकलवा कर अपने पास रख लेता था।

### केयू वाणिज्य विभाग तथा भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के बीच हुआ एमओयू



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा 16 जनवरी 2026 को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया गया। यह एमओयू ग्लोबल एजुकेशन समिट कॉमर्स एंड अकाउंटेंसी 2026 के अवसर पर ललित होटल, नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन के दौरान संपन्न हुआ। इस अवसर पर एमओयू पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेंद्र पाल तथा वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. महाबीर नरवाल ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता वाणिज्य, लेखांकन एवं प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक और व्यावसायिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस एमओयू का उद्देश्य वाणिज्य, लेखांकन एवं प्रबंधन शिक्षा को व्यावहारिक, उद्योगोन्मुख और पेशेवर आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है। प्रो. महावीर नरवाल ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत वाणिज्य विभाग में संचालित बी.कॉम., बी.कॉम. (ऑनर्स), एम.कॉम., प्रमाणपत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पाठ्यक्रम विकास, फैकल्टी प्रशिक्षण, विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही संयुक्त रूप से फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, कार्यशालाएं, सेमिनार, सम्मेलन, अतिथि व्याख्यान और शोध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

*मौसम: अधिक ठंड बढ़ने से पशुओं का दूध भी होने लगा कम*

# कड़ाके की ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित निमोनिया, खांसी और जुखाम के मरीज बढ़े

*न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले तीन दिन से जिले में घना कोहरा छाए रहने, शीतलहर चलने व आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने से शुक्रवार को दोपहर बाद धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली है। सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाए रहने और फिर धूप खिलने से तापमान में मामुली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि सुबह से लेकर दोपहर तक लोग ठंड से राहत पाने के लिए या तो घरों में दुबके रहे । दोपहर करीब एक बजे तक सड़कों पर घना कोहरा छाए रहने से कामकाजी लोग बामुश्किल अपने गंतव्यो पर पहुंचे। जिले का अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रहा।





यमुनानगर। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर लाइटें जलाकर अपने गंतव्य पर जाते हुए वाहन एवं अलाव सेंककर ठंड से राहत पाते लोग। फोटो: हरिभूमि

### पशुओं पर ठंड पड़ने लगी भारी

मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से किसानों के पशु बीमार होने लगे हैं। जिन्हें बचाने के लिए किसान आग का सहारा ले रहे हैं। कई पशुओं की हालत ऐसी है कि वह सुबह के समय उठ भी नहीं पा रहे हैं। जिन्हें अलाव जलाकर हीट देकर किसी तरह उठाया जा रहा है। मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से उनके पशुओं का दूध भी कम होने लगा है।

### दोपहर तक सड़कों पर दृश्यता काफी कम रही

इस दौरान घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से लोग कड़ाके की ठंड में ठिठुरते रहे और बामुश्किल अपने गंतव्य पर पहुंचे। खास बात यह रही की दोपहर तक जिले में जगह जगह अलाव जलाकर लोग सेंकते हुए पाए गए। वहीं, सड़कों पर घना कोहरा छाया रहने की वजह से वाहन लाइटें जलाकर धीमी गति से चलते हुए दिखाई दिए। जिले में दोपहर तक सड़कों पर दृश्यता काफी कम रही।

### गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकलने की सलाह

मौसम में दिनों दिन बढ़ रही कड़ाके की ठंड से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

## निगमायुक्त ने नगर निगम कार्यालय में कर्मचारियों के साथ की बैठक

# संपत्ति सत्यापन कार्य में ढील न बरतें

**प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां दूर करने के लिए अब लोग अपने ही वार्ड में लगवा सकेंगे ऑब्जेक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में आयोजित संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कर्मचारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त।


प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां दूर करने के लिए अब शहरवासी अपने ही वार्ड में ऑब्जेक्शन लगवा सकेंगे। इसके लिए नगर निगम द्वारा सप्ताह के शनिवार व रविवार को वार्ड में ही निर्धारित स्थान पर प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां संबंधित ऑब्जेक्शन लगाकर उसे दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा। इस संबंध में नगर निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापन के कार्य में लगे कर्मचारियों की बैठक में निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर निगम कर्मचारियों की ड्यूटियां भी लगाई हैं। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक में कर्मचारियों को प्रतिदिन पांच से कम प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने वाले कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपत्ति सत्यापन कार्य में ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारी गंभीरता और तीव्रता से संपत्ति सत्यापन का कार्य करें। प्रॉपर्टी मालिकों को प्रॉपर्टी स्वयं सत्यापित करने के लाभ बताकर उनकी आईडी सत्यापित करें।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि अब हर कर्मचारी प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने वाली संपत्ति की फोटो भी करेंगे। इनके अलावा तीनों निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में भी संपत्ति सत्यापित करने व प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां दूर करने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, सोनिया आदि मौजूद रहे।

# बिजली मीटरों के टूटे बाक्स बन सकते हैं हादसों का कारण

■ लोग कई बार अधिकारियों को करवा चुके हैं अवगत, समाधान नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



बिजली निगम की ओर से कस्बा रादौर के माता मोहल्ला, छिंबी मोहल्ला, खेड़ा मोहल्ला में घरों के बाहर खंभों पर लगवाए गए मीटर बॉक्स टूटकर नीचे लटक गए है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली मीटर से हर समय बिजली घरो को सप्लाई होती रहती है। मोहल्ले के लोगों ने कई बार मामले को लेकर बिजली निगम के अधिकारियों को अवगत करवाया। लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब वे बिजली के बिल समय पर जमा करवा रहे हैं तो निगम को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए।

निगम बस किसी बड़े हादसे का इंतजार रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में बिजली निगम की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासी राजू गुप्ता, राजेश कुमार, कर्मबीर, विपिन, अनिल, संदीप, सूरजभान, धर्मबीर आदि ने बताया कि बिजली निगम की ओर से घरों के मीटर बाहर खंभों पर लगाने का काम किया गया था। बिजली के मीटर खंभों से टूटकर नीचे लटक गए है। लटके मीटर घरों को लगातार बिजली सप्लाई करते रहते है। जिससे कोई बच्चा व बड़ा हादसे का शिकार हो सकता है।

# सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी,प्रशासन अलर्ट

■ सुरक्षा एजेंसियों ने सचिवालय में की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय के समक्ष जुटे सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारी।

यमुनानगर के जिला सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ई-मेल के माध्यम से कार्यालय परिसर में बम रखे होने का दावा किया गया। जिससे सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। एहतियातन लघु सचिवालय परिसर को खाली करा लिया गया और आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सीटीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त प्रीति और पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल को तुरंत सूचना दी। इसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने बिना देरी किए सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया। पूरे परिसर को घेराबंदी में लेकर तलाशी अभियान शुरू किया गया। मौके पर कई थानों का पुलिस बल, अपराध शाखा की टीमें और वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए गए। डीएसपी राजीव मिगलानी, रजत गुलिया सहित अन्य अधिकारी स्वयं तलाशी अभियान की निगरानी करते नजर आए। लघु सचिवालय के अंदर और आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग कराई गई, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि को समय रहते पकड़ा जा सके।

**आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील**

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि ई-मेल के जरिए बम विस्फोट की धमकी मिली है। सुरक्षा को देखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और बम निरोधक प्रक्रिया के तहत जांच की जा रही है। अब तक किसी भी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियातन पूरी सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस द्वारा धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले की पहचान और उसके स्रोत का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मनु अव्वल

■ ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में सरस्वती महोत्सव मनाया

■ भाषण प्रतियोगिता में मासूम बीसीए प्रथम वर्ष अव्वल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में शुक्रवार को सरस्वती महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर कालेज में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. एसके सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनकी अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से लगाव होना चाहिए। संस्कृति विद्यार्थियों के सवार्गिंण विकास में एक प्रेरणा स्त्रोत का काम करती है। सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में आयोजित ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को विश्व पटल पर रेखांकित करना चाहिए। डा. दर्शन सिंह व डा. ललिता शर्मा की देखरेख में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मनु बीसीएस द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मासूम बीसीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. सतपाल, डा. संजीव गांधी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को बताया उद्यमिता का महत्व स्टार्टअप शुरू करने की जानकारी दी

■ जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह आयोजन पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग एवं एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शशि गुप्ता, जिला संसाधन व्यक्ति, एमएसएमई यमुनानगर मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया, नवाचार आधारित सोच, स्वरोजगार के अवसरों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे स्टार्टअप इंडियाए मुद्रा योजनाए क्रेडिट गारंटी योजना, सब्सिडी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के निदेशक डा. विवेक शर्मा ने पीडी विभाग एवं ईडी सेल द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## दो युवकों ने किशोर के साथ किया कुकर्म

यमुनानगर। जिले के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में दो युवकों ने 12 वर्षीय लड़के के साथ कुकर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जानकारी के अनुसार प्रताप नगर थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव के ही समीर व सोहेल ने 14 जनवरी को उसके 12 वर्षीय लड़के को सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान आरोपियों ने गलत काम करते हुए वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पूछने पर उसके लड़के ने बताया कि दोनों आरोपियों ने उसके साथ गलत काम किया है।

# अवैध खनन को लेकर प्रशासन सख्त

■ एसडीएम जगाधरी की टीम ने 7 वाहनों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गांव बीबीपुर क्षेत्र में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए चैकिंग करते हुए एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

जिले में अवैध खनन व खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाए जाने को लेकर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ के नेतृत्व में खनन विभाग व जिला टास्क फोर्स द्वारा गांव बीबीपुर क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान चैकिंग टीम ने जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ ने नेतृत्व में गांव बीबीपुर में तीन स्थानों पर अवैध खनन में संलिप्त 7 वाहनों का चालान कर 2 लाख 88 हजार का जुर्माना किया गया। एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ ने निरीक्षण के दौरान अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध एवं नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के संबंध में कार्यकारी अभियंता जल सेवा मंडल, जगाधरी एवं दादूपुर व कार्यकारी अभियंता हथिनी कुंड बैराज व डिविजन नंबर वन जगाधरी, खंड विकास पंचायत अधिकारी जगाधरी, सरस्वती नगर, छछरौली तथा उपमंडल जगाधरी के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों की जिम्मेदारी लगाई है।

**की जाएगी कार्रवाई**

उन्होंने बताया कि यदि किसी के अधिकार क्षेत्र में किसी भी जगह पर अवैध खनन अथवा स्वीकृत स्थलों के अलावा अन्य स्थानों पर खनन की गतिविधि पाई जाती है और उसकी सूचना एसडीएम जगाधरी, खनन अधिकारी, उपायुक्त कार्यालय में नहीं दी गई तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी और सरपंच व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा जिन स्थलों को खनन के लिए विधिवत रूप से चिन्हित किया गया है। उन्हीं स्थानों पर नियमानुसार खनन किया जा सकता है।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट ने 78 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा



रादौर। जांच शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक।

■ नवीन जिन्दल फाउंडेशन के तत्वावधान की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नवीन जिन्दल फाउंडेशन के तत्वावधान में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव नागल व बसंतपुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मोबाइल मेडिकल यूनिट के प्रभारी डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में 78 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। यूनिट के प्रभारी डॉ. प्रमोद सिंह ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं रक्त और मूत्र परीक्षण किए गए। सभी मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं।

उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के तहत यह मोबाइल मेडिकल यूनिट नियमित रूप से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है। बल्कि लोगों को संतुलित खान पान, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना भी है। डॉ. प्रमोद सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर लोग स्वस्थ रह सकते हैं।

**महत्वपूर्ण कदम**

मौके पर सांसद के कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल का संकल्प है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सरलता से पहुंचें। मोबाइल मेडिकल यूनिट इसी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है।

# श्री गुरु तेग बहादुर के आदर्श आज भी प्रासंगिक

■ श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस को समर्पित संस्थान की मैगजीन विस्माद स्पेशल ईश्यू 2025-26 का विमोचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। कार्यक्रम में संस्थान की मैगजीन विस्माद का विमोचन करते हुए अतिथि।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में शुक्रवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष आरएस भट्टी व महासचिव डॉ. पीर गुलाम नबी ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। वहीं, कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मौके पर श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित संस्थान की मैगजीन विस्माद स्पेशल ईश्यू 2025-26 का विमोचन किया गया। मुख्य वक्ता एवं कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. आरएस भट्टी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर का जीवन और बलिदान मानवता को सत्य और धर्म के मार्ग पर मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा को चार आवश्यक पहलुओं, बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक कार्य समग्र विकास सुनिश्चित करना चाहिए। मौके पर सीईओ डॉ. पीर गुलाम नबी सुहैल ने श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने संपादकीय बोर्ड के प्रयासों की सराहना की और कॉलेज की अकादमिक उत्कृष्टता और सह पाठ्यक्रम पहलों के प्रति प्रबंधन के निरंतर समर्थन की पुष्टि की।

# धान घोटाले की सीबीआई जांच को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

■ प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) के सदस्यों ने धान घोटाले की जांच सीबीआई से करवाए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा सरकार के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार सुबह भारतीय किसान यूनियन(चढूनी) के सैंकड़ो कार्यकर्ता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रोष मार्च भी किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए प्रदर्शनकारी जिला सचिवालय में पहुंचे और हरियाणा सरकार के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया विशेषज्ञ सत्र

# विशेषज्ञ सत्र छात्रों की वैश्विक समझ को करते हैं विकसित : गर्ग

**जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में व्याख्यान का हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। कस्बा रादौर के के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में मुख्य वक्ता को सम्मानित करते निदेशक। *फोटो : हरिभूमि*

## विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को इंजीनियरिंग छात्रों के लिए एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्यन मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन विदेशों में इंजीनियरिंग के बाद करियर के अवसर को लेकर था। मुख्य वक्ता आर्यान को पिछल्ले 5 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वे वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में पीएचडी कर रहे हैं। आर्यन ने विदेशों में उपलब्ध उच्च शिक्षा के विकल्प, वैश्विक नौकरी बाजार में बढ़ती संभावनाओं व विभिन्न देशों में इंजीनियरिंग क्षेत्रों की मांग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि अंतरराष्टीय करियर बनाने के लिए तकनीकी कौशल, अनुसंधान-अभिवृत्ति, वैश्विक दृष्टिकोण व संचार क्षमताओं का होना अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न देशों में वीजा नीतियोंए स्कॉलरशिप अवसरों व इंडस्ट्र- एकेडेमिया संबंधों पर भी प्रकाश डाला। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।

यह इंटरैक्टिव सत्र छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। कॉलेज के निदेशक डा. एसके गर्ग ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे विशेषज्ञ सत्र छात्रों की वैश्विक समझ को विकसित करते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने तकनीकी कौशल और अंतरराष्टीय अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाएँ। इस अवसर पर पर्सनैलिटी डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डा. जया मल्होत्रा, मोनिका साहनी, शबनम भसीन, निशांत, हर्षित, अनामिका सोनी, याशिका भारद्वाज, डा. गगनप्रीत कौर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### इंटर स्टेट क्रिकेट टूनार्मेंट शुरू

**पिहोवा।** राजकीय कॉलेज भेरियां में इंटर स्टेट क्रिकेट टूनार्मेंट शुरू हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने हिस्सा लिया। 20 जनवरी तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में विभिन्न खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। इस मौके पर जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि प्रदेश की खेल नीति पूरे देश में बेहतर है। ओलंपिक गेम्स में मेडल जीतने वाले सबसे ज्यादा खिलाड़ी हरियाणा प्रदेश से हैं। करोड़ों रुपए की पुरस्कार राशि जो देश में सर्वाधिक है। वो भी खिलाड़ियों को भाजपा सरकार दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खेलों के साथ-साथ युवाओं को फिट इंडिया मूवमेंट से जोड़कर स्वस्थ भारत का अभियान भी चलाया हुआ है। प्रिंसिपल सुभाष चंद्र ने टीमों को पूरी मेहनत के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए खेलों की महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश यादव व डॉ. सुशील कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## उपायुक्त की अधिकारिक ईमेल पर हमले की चेतावनी

# कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी, प्रशासन अलर्ट मोड पर

1. दो घंटों तक बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और पुलिस टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाया
2. लघु सचिवालय परिसर को तुरंत खाली करवाया गया और लोगों को दूर रखा गया
3. कार्यालयों, कमरों, लिफ्टों, पार्किंग और बाथरूम तक चप्पे-चप्पे की तलाशी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लघु सचिवालय को बम उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी शुक्रवार को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अधिकारिक ईमेल पर आई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और पुलिस की टीमों ने पूरे परिसर की जांच की। जांच में करीब 2 घंटे लगे, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। धमकी को फर्जी मानकर कामकाज दोबारा शुरू कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की ई-मेल पर एक अनजान आईडी से ईमेल आई इसमें लिखा था कि लघु सचिवालय में बम लगाया गया है और जल्द ही इसे उड़ा दिया जाएगा। मैसेज में कोई नाम या वजह नहीं बताई गई थी। सुरक्षा के चलते तुरंत कदम उठाए गए। सूचना पाकर थाना सिटी थानेसर के एसएचओ सुनील वत्स मौके पर पहुंचे। परिसर को खाली करवाया गया और लोगों को दूर रखा गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीम बुलाई गई। टीम ने लघु सचिवालय, न्यू लघु सचिवालय और एसपी ऑफिस की पूरी जांच की। जांच के दौरान लघु सचिवालय परिसर के सभी विभागों के कार्यालयों, कमरों और लिफ्टों को चेक किया गया। पार्किंग एरिया और बाथरूम में डॉग्स के साथ जांच की गई। इसी तरह मेटल डिटेक्टर और अन्य उपकरणों से स्कैनिंग हुई।


**कुरुक्षेत्र।** लघु सचिवालय में जांच करती पुलिस टीम।


**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जांच करती डॉग स्क्वॉड टीम।

### साइबर सेल की टीम आए ई-मेल का सोर्स जांचने में लगी

सब जांच के बाद धमकी को अफवाह करार दिया गया और कामकाज शुरू किया गया। थाना सिटी थानेसर के एसएचओ सुनील वत्स ने बताया कि उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक कार्यालय समेत न्यू लघु सचिवालय और पार्किंग एरिया की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। यह किसी साइबर अपराधी या शरारती तत्व का काम है। साइबर सेल की टीम आए ई-मेल का सोर्स जांचने में लगी है।

## राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को मिला लाडवा में समर्थन



- पुराने ध्वजों को गरिमापूर्ण पुर्ननवीनीकरण करवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान 2026 को लाडवा क्षेत्र में समर्थन मिलना शुरू हो गया है। इसी कड़ी में लाडवा स्थित सीए अश्विनी जैन के प्रतिष्ठान रजनी एग्रो पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनों ने सांसद नवीन जिन्दल की इस मुहिम की सराहना करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों से पुराने, खंडित एवं अनुपयोगी राष्ट्रीय ध्वज एकत्रित कर उन्हें सम्मानपूर्वक पुर्ननवीनीकरण हेतु भेजने का संकल्प लिया। इस बैठक में सीए अश्विनी जैन ने अपने सहयोगियों रोहित सिंगला और विजय जैन के साथ मिलकर निर्णय लिया कि लाडवा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और आम नागरिकों को तिरंगे के सम्मान, उसके सही उपयोग तथा पुराने ध्वजों को गरिमापूर्ण पुर्ननवीनीकरण करवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सीए अश्विनी जैन ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और इसका सम्मान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पुराने एवं खंडित हो चुके ध्वजों को विधिसम्मत और सम्मानजनक तरीके से पुनर्नवीनीकरण करना राष्ट्रप्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का हिस्सा बनकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि वे लाडवा और आसपास के क्षेत्र में इस मुहिम को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास करेंगे।

*समाधान शिविर में प्राप्त समस्याओं की समीक्षा बैठक*

## शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निपटारा: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ ही जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समाधान शिविर से प्राप्त होने वाली शिकायतों का तय समय सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले। इस अवसर पर एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम अनुभव मेहता, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**कुरुक्षेत्र।** समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।



## सूर्य नमस्कार से स्वस्थ समाज की ओर कदम : डॉ. मंजू शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजू शर्मा ने कहा कि हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि सूर्य नमस्कार केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य का सशक्त माध्यम है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन ऊर्जावान बनता है।उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार का अभ्यास मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम में योग सहायक राय सिंह द्वारा, जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र बाला देवी द्वारा, आयुष आरोग्य मंदिर डगाली में देविंदर कुमार, गवर्नमेंट आईटीआई पिहोवा में दीपक रिमल, व्यायाम शाला खेड़ी दबदलन प्रदीप कुमार, गांव लोहार माजरा सोनिका, आयुष आरोग्य मंदिर राजीव कुमार, भोरस्यदा प्रदीप कुमार, गांव मूर्तिजापुर शिवकुमार,जीएचडी बारवा भीम सिंह, गांव जोगी माजरा बलवान सिंह योग सहायक द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।

## वंश माहिवाल निशानेबाजी में राष्ट्रीय स्तर पर चमके, हासिल की बड़ी उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 8 के प्रतिभाशाली छात्र वंश माहिवाल ने कम उम्र में निशानेबाजी के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वंश ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ ही वंश माहिवाल का चयन 10 मीटर एयर राइफल अंतरराष्ट्रीय ट्रायल के लिए हुआ है, जो किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए गर्व की बात है। यह चयन उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। अखिल भारतीय रैंकिंग में भी शानदार प्रदर्शन वंश ने 10 मीटर एयर राइफल सब-यूथ वर्ग में अखिल भारतीय रैंक 193 तथा यूथ वर्ग में अखिल भारतीय रैंक 360 प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि वे आने वाले समय में देश के श्रेष्ठ निशानेबाजों में स्थान बनाने की पूरी क्षमता रखते हैं। बता दें की 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप भोपाल में आयोजित हुई थी 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में वंश माहिवाल ने देशभर से आए अनुभवी खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। इतनी कम आयु में राष्ट्रीय मंच पर खेलना स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। स्कूल की प्रबंध निदेशिका अंजलि मारवाह ने वंश को बधाई दी।



### डीएलएसए चलाएगा जागरूकता अभियान

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में जागरूक करने के लिए डीएलएसए कुरुक्षेत्र द्वारा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, गांवों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के तहत आमजन को मतदाता पंजीकरण, नोटा तथा दिव्यांग मतदाताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर डीएलएसए की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा लोगों को उनके मताधिकार एवं मतदाता अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।


**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन की प्रति दिखाते अधिवक्ता।

### लव जिहाद के बढ़ते मामलों को लेकर अधिवक्ताओं ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** आए दिन हरियाणा में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट राहुल तंवर ने जिला न्यायालय के अधिवक्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। तंवर ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लव जिहाद को लेकर 2022 में एक कानून बनाया है, उस कानून के अनुसार ऐसे मामलों की जांच करने के लिए स्पेशल अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए जिससे लव जिहाद के मामले रुक सके और इस कानून को तोड़ने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। इसकी चिंता करते हुए कि समाज में ऐसी घटनाएं न हो इसलिए आज पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल को प्रिवेंशन ऑफ अनलॉ फुल कन्वर्जन ऑफ रिलीजन एक्ट 2022 हरियाणा,की प्रति के साथ जिला बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के प्रधान धर्मेंद्र अत्री की अगुवाई में लिखित एप्लीकेशन दी और निवेदन किया कि एक्ट के सेक्शन 17 अनुसार स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया जाए व एक्ट के अनुसार ही सभी लव जिहाद के मामले की जांच हो। ज्ञापन देने वालों में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान धर्मेन्द्र अत्री, रूपचंद सैनी, राहुल तंवर लुखी, विक्रम पंजेटा, बलविंदर टामक, सुभाष सैनी, विजय ढुधला, एडवोकेट मंजू कौशिक, बीएस अनेजा, बलबीर शर्मा, राजेश गौड आदि शामिल रहे।

## मित्र बनकर जल शक्ति अभियान 2026 को बनाना है सफल : राठी

- नागरिकों को पानी की महत्ता और भविष्य में होने वाले जल संकट के प्रति जागरूक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला परिषद के सीईओ शम्भू राठी ने कहा कि कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को पानी की एक एक बूंद बचाने और सदुपयोग करने का संकल्प लेना होगा। इस जिलें में जल मित्र बनकर जल शक्ति अभियान 2026 को सफल बनाएंगे। इस अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा। इस जन आंदोलन के लिए एक-एक नागरिक को पानी के महत्ता और भविष्य में होने वाले जल संकट के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिप सीईओ शम्भू राठी ने कहा कि जल संरक्षण एक अभियान, एक आंदोलन, एक क्रांति है।


**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते जिला परिषद के सीईओ शम्भू राठी।

### जल संचय आने वाली पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण

जल संचय के जिस उद्देश्य के लिए अभियान की शुरूआत हुई है, यह केवल सरकार की एक योजना का कार्य नहीं है बल्कि यह हमारी आज और आने वाली पीढ़ी के कल के लिए महत्वपूर्ण विषय है। जल संरक्षण पहला संकल्प है और इसे पूरा करना इसलिए भी अधिक जरूरी है कि भारत में दुनिया के कुल फ्रेश वाटर का केवल 4 प्रतिशत ही है, जबकि यहां विश्व की 18 प्रतिशत जनसंख्या रहती है। वैज्ञानिक भी बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तो आने वाला समय बड़ा चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा भी पानी की एक-एक बूंद-बूंद का सदुपयोग करने के लिए भूमिगत पाइप-लाइन बिछाकर टपका सिंचाई व फव्वारा सिंचाई जैसी तकनीकों के से अधिकतम सिंचाई की जा रही है।

## वार्ड के लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाना प्राथमिकता : पार्षद सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद के वार्ड नंबर 31 के पार्षद एवं समाजसेवी सुधीर चुघ ने कहा कि वार्ड के लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाना और वार्ड का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। वार्ड में होने वाले विकास कार्यों और अन्य कार्यों के लिए उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को लिखित में देकर अनुरोध किया है। वार्ड के लोगों की समस्याओं को जल्द हल किया जाएगा और वार्ड में विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा शहर के सभी वार्डों के विकास के लिए पूरी तरह से काम कर रहे हैं और उन्होंने अपनी ओर से वार्ड में लोगों को अच्छी सुविधा मुहैया कराने के लिए अच्छे ढंग से प्रयास भी किए हैं। वे हमेशा वार्ड के लोगों को मूलभूत सुविधाएं और चहुमुखी विकास करवाने के लिए लगे रहते हैं। शहर के विकास में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का काफी योगदान है और वह हमेशा विकास के प्रति और जनता की समस्याओं के प्रति चिंतित रहते हैं । उन्होंने कहा कि शहर में पांच फाटकों से शहर के लोगों को जल्द ही निजात मिलेगी। जल्द ही एलीवेटेड ट्रैक शुरू होगा जो कि शहर के लिए एक बहुत बड़ी सौगात होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी शहर की अनेक समस्याओं को सुभाष सुधा ने हल करने का काम किया है और वह शहर के विकास के लिए अनेकों योजनाएं लेकर आ रहे हैं।




**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन की प्रति दिखाते एसएफआई के छात्र।

### विश्वविद्यालय में पर्यावरण बचाने के लिए एसएफआई ने वीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की एसएफआई कमेटी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में साइकिलिंग वेलोड्रम बनाने के लिए 6 एकड़ में स्थित 14500 पेड़ो की कटाई के विरोध मे वीसी को ज्ञापन सौंपा। यूटीडी की कमेटी की सचिव मधु ने कहा कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में लगभग 30 हजार पेड़ हैं जो पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्य को बढ़ावा देते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन साइकिलिंग वेलोड्रम बनवाने के लिए विश्वविद्यालय में 6 एकड़ में स्थित 14500 पेड़ों को कटवा रही है। यह फैसला विश्वविद्यालय के पर्यावरण संरक्षण, विभिन्न पक्षियों व जीव विज्ञान, वनस्पति शास्त्र के शोधार्थियों के लिए नुकसानदायक होगा। इससे विश्वविद्यालय की जलवायु, जैव विविधता प्रभावित होगी और वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिलेगा जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होगी। स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया छात्र संगठन पेड़ों को काटकर साइकिलिंग वेलोड्रम बनाने का पूर्ण रूप से विरोध करता हैं। ज्ञापन देते समय अक्षय, विकास, विनीत जतिन, विशाल, जश्नप्रीत, ध्रुव, साक्षी, अंजली, रविन्द्र, अंकित, जगमील आदि मौजूद रहे।

**धर्म-कर्म** हजारों श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें, महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां तेज

*15 फरवरी को महाशिवरात्रि का लगेगा वार्षिक मेला*

## माघ मास की त्रयोदशी पर श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

माघ मास की त्रयोदशी के मौके पर संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में मासिक मेला लगा। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करके मन्नतें मांगी। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंदर पुरी और सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू कर दी गई हैं।


**पिहोवा।** भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

### 14 को जरूरतमंद बेटियों का विवाह करावाया जाएगा

14 फरवरी को जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह मंदिर की ओर से कराया जाएगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का वार्षिक मेला लगेगा। जिसमें लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। 14 और 15 फरवरी दोनों दिन जलाभिषेक होगा। इस दौरान मंदिर प्रबंधन की ओर से झूले पार्किंग आदि की व्यवस्था के लिए भी कार्य किया जाएगा।

### सड़क न बनने से श्रद्धालुओं में रोष

उधर, महाशिवरात्रि मेले को लेकर संगमेश्वर मंदिर सेवादल और श्रद्धालुओं की बैठक हुई। इसमें लंबे समय से सरकारी कार्य पूरे ना होने पर रोष व्यक्त किया गया। सेवादल पदाधिकारियों की बैठक के बाद अंशुल बंसल, शंभू नाथ विरदी, रमणीक सिंगला, लाभ कश्यप, कृष्ण जडौला, टेकचंद सिंगला, काका पटियाला व नवीन कैथल आदि ने बताया कि सरकार ने मंदिर से लेकर अरुणाय बस स्टॉप तक सड़क को चौड़ा करने और डिवाइडर एवं लाइट लगाने के लिए लगभग 2 करोड़ 90 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया था। सात से 8 महीने पहले यह राशि पीडब्ल्यूडी को ट्रांसफर कर दी गई लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा मंदिर से हाईवे तक वाया राजबाहा नई सड़क को स्वीकृति दी गई थी। इस सड़क का भी निर्माण अभी तक नहीं किया गया। महाशिवरात्रि के दौरान आने-जाने का एक ही रास्ता होने से यहां जाम की स्थिति पैदा होती है। जिसे लेकर श्रद्धालुओं में गहरा रोष है। मंदिर सेवादल कमेटी ने मांग करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि से पूर्व राजबाहे वाली सड़क का निर्माण किया जाए और मंदिर से बस स्टॉप तक सड़क को चौड़ा करने का काम भी पीडब्ल्यूडी तुरंत शुरू करें।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी में आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशगनर में दर्ज नशा तस्करी मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी सौरभ को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 15 नवंबर 2025 को एएनसी के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।सूचना उपरांत एएनसी के पुलिस दल ने टांगरी बांध करधान रोड के पास नाकाबंदी के दौरान आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने पर उससे 12 ग्राम 73 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान कर्ण उर्फ गुल्लू के रूप में हुई थी।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुमित कुमार उर्फ काली को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता अंकित ने 15 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 दिसंबर 2025 को आरोपी सुमित कुमार उर्फ काली व अन्य ने उससे तथा उसके दोस्त से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी चेतन दास उर्फ चेतु को गिरफ्तार किया है। परिवादी मनीष ने 15 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने सांई स्वीट्स शॉप नामक दुकान के अन्दर घुसकर गल्ले से 12 हजार की नकद राशि व खाने का सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अंबाला मंडल को मिली ओवरऑल दक्षता शील्ड

**अंबाला।** उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता के दम पर ओवर ऑल दक्षता शील्ड प्राप्त की है। शुक्रवार को विशेष ट्रेन से अंबाला पहुंचे डीआरएम ने सभी विभागीय अधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। सभी अधिकारियों के साथ उनके विभाग द्वारा किए गए कार्य को लेकर मिली शील्ड को सांझा किया। इस दौरान रेल कर्मचारियों ने ढोल की थाप पर खुशी जाहिर की। डीआरएम का स्वागत किया।

### पहली बार होगी सीनियर लड़कों की लीग, 17 से

**अंबाला।** फीफा से अप्रूव्ड स्टेडियम में पहली बार सीनियर लड़कों की लीग 17 जनवरी से शुरू होने जा रही है। जिला फुटबॉल संघ की ओर से आयोजित होने वाली लीग के तहत अगले एक माह तक अंबाला कैंट के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में हर शनिवार व रविवार तक यह मुकाबले चलेंगे। अंबाला से 10 फुटबॉल क्लब हिस्सा ले रहे हैं। इन क्लबों में अर्जुन क्लब, वाइटल, वॉरियर, सिटी यूनाइटेड एफसी, एएफसी, फारुखा एफसी, मॉर्निंग क्लब, एफसी रॉयल, बद्रीनाथ एफसी, मिक्की मॉडल फुटबॉल क्लब शामिल है।

---

**नगर निगम चुनाव: अब मेयर पद के आरक्षण का इंतजार**

# आरक्षित किए गए वार्डों को लेकर यूएलबी ने की नोटिफिकेशन जारी

*कुल 20 वार्डों में से 3 वार्ड अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित*

*नोटिफिकेशन में आरक्षित व अनारक्षित वार्डों की विस्तार से दी जानकारी, नई नोटिफिकेशन में अनुसूचित जाति को दो वार्डों का नुकसान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम के लिए आरक्षित वार्डों को लेकर अर्बल लोकल बॉडी की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दी गई है। निवर्तमान सदन का पांच वर्ष कार्यकाल मंगलवार 13 जनवरी को पूरा होने के बाद यह नोटिफिकेशन जारी हुई है। अगले आम चुनाव के लिए निगम क्षेत्र के कुल 20 वार्डों में से कौन सा वार्ड किस वर्ग-विशेष के लिए आरक्षित होगा इसके लिए ड्रा की प्रक्रिया भी सम्पन्न हो गई है। अब प्रदेश सरकार के राजपत्र (गजट) में प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ताकी हस्ताक्षरित सील से प्रकाशित एक नोटिफिकेशन मार्फत अंबाला शहर नगर निगम के अगले आम चुनाव में वार्डों में से विभिन्न वर्ग-विशेष के लिए निर्धारित आरक्षण को अधिसूचित कर दिया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार निगम क्षेत्र के कुल 20 वार्डों में से तीन वार्ड अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए जिसमें वार्ड नंबर 2, 7 और 10 आरक्षित होंगे इनमें से वार्ड नंबर 2 हालांकि अनुसूचित जाति-एससी. (महिला ) के लिए आरक्षित होगा। हालांकि अगर एससी (महिला ) वर्ग से कोई भी योग्य महिला चाहे तो उपरोक्त दो अन्य एससी वार्डों अर्थात वार्ड नंबर 7 और 10 में से भी चुनाव लड़ सकती है। पिछड़ा वर्ग -बीसी (ए) के लिए दो वार्ड वार्ड नंबर 4 और 20 आरक्षित किए गए हैं। इनमें से वार्ड नंबर 20 पिछड़ा वर्ग(बीसी. ए ) की महिला के लिए आरक्षित होगा हालांकि अगर बीसी (ए) (महिला ) वर्ग से कोई भी योग्य महिला अगर चाहे तो वार्ड नंबर 4 से भी चुनाव लड़ सकती है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 पिछड़ा वर्ग(बीसी बी) की महिला के लिए आरक्षित होगा। कुल चार वार्ड वार्ड नंबर 6,8,9 और 14 महिला ओपन वार्ड होंगे। इसका अर्थ है कि यह चार वार्ड केवल सामान्य जाति (जनरल केटेगरी) की महिलाओं के लिए नहीं हैं बल्कि एससी, बीसी (ए) और बीसी (बी) वर्गों से योग्य महिलाएं भी उक्त चारों वार्डों से चुनाव लड़ सकती हैं। शेष 10 वार्ड 1, 3, 5,12, 13, 15, 16, 17, 18 और 19 ओपन वार्ड होंगे।



अंबाला। नगर निगम ऑफिस की फाइल फोटो।

#### एससी जनसंख्या रहस्य

हालांकि रोचक बात है कि साढ़े पांच वर्ष पूर्व 29 जुलाई 2020 को भी जब नगर निगम के पिछले आम चुनाव हेतू 20 वार्ड निर्धारित किये गए थे तब उस नोटिफिकेशन में अनुसूचित जाति (एससी) की जनसंख्या 71 हजार 940 दर्शायी गई थी। अब पांच वर्षो में अंबाला शहर नगर निगम में अनुसूचित जाति की जनसंख्या आधी कैसे हो गयी। यह निश्चित तौर पर जांच करने योग्य विषय है। विशेष तौर पर जब देश की पिछली जनगणना 2011 के बाद गत 14 वर्षों में ताजा जनगणना भी नहीं हुई है।

#### अंबाला नगर निगम चुनाव में अनारक्षित व आरक्षित वार्डों में बदलाव

म्यूनिसिपल एक्ट के जानकार एडवोकेट हेमंत ने बताया कि चूंकि भारतीय संविधान में कहीं भी सामान्य वर्ग (जनरल केटेगरी ) के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है इसलिए वह वार्ड जो किसी वर्ग-विशेष के लिए आरक्षित नहीं किया गया है। उसे जनरल या सामान्य कहना सही नहीं है बल्कि उसे अनारक्षित वार्ड कहा जा सकता है। इस प्रकार अंबाला शहर नगर निगम के अगले आम चुनाव में निगम क्षेत्र के कुल 20 वार्डों में से आधे अर्थात 10 वार्ड 1, 3, 5,12, 13, 15, 16, 17, 18 और 19 अनारक्षित वार्ड हैं। इनमें सामान्य वर्ग (जनरल केटेगरी ) के योग्य व्यक्ति (पुरुष एवं महिला दोनों) के साथ साथ आरक्षित वर्गों जैसे एससी, बीसी.(ए ), बीसी (बी.) से कोई भी व्यक्ति व्यक्ति की ( पुरुष एवं महिला दोनों) भी चुनाव लड़ सकती है। पांच वर्ष पूर्व दिसंबर, 2020 में नगर निगम के पिछले आम चुनाव में हालांकि निगम क्षेत्र के 8 वार्ड नामत: 3, 5, 8,10, 13, 15, 16 और 19 ही अनारक्षित थे। इस प्रकार ताजा चुनाव में अनारक्षित वार्डों की संख्या पिछली बार से 2 बढ़ गई है। दिसंबर 2020 में नगर निगम के पिछले आम चुनाव में हालांकि निगम क्षेत्र के 5 वार्ड 1, 2, 7,11 और 14 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थे जिनमें से दो वार्ड 11 और 14 अनुसूचित जाति (महिला) के लिए आरक्षित थे। अब ताजा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए कुल आरक्षित वार्डों की संख्या पिछली बार के कुल 5 से 2 घटकर 3 हो गयी है जबकि अनुसूचित जाति (महिला) के लिए पिछली बार के 2 वार्डों से घटकर एक हो गयी है। हेमंत ने बताया कि वर्ष 4 सितंबर 2025 को हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जब नगर निगम के ताजा चुनाव के लिए 20 वार्ड निर्धारित किये गये थे तब उस नोटिफिकेशन में अनुसूचित जाति (एससी) की जनसंख्या को 36 हजार 210 दर्शाई गई।

---


अंबाला। जागरूकता पखवाड़े में हिस्सा लेते छात्र।

## स्वदेशी भावना एवं आत्मनिर्भर भारत के मूल्यों पर आधारित छात्रों को शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रेड रिबन क्लब के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में प्रो. नेहा रानी के संचालन में चार प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम गतिविधि के रूप में विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा, अनुशासन, स्वदेशी भावना एवं आत्मनिर्भर भारत के मूल्यों पर आधारित शपथ दिलाई गई। द्वितीय गतिविधि में विद्यार्थियों को नाको एड्स ऐप के माध्यम से एचआईवी/एड्स से संबंधित जानकारी दी गई।

#### एचआईवी जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 के बारे में जागरूक किया गया। इसके लिए नोटिस बोर्ड पर टोल-फ्री नंबर एवं नाको एड्स ऐप से संबंधित प्रिंटआउट लगाए गए। तृतीय गतिविधि के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित एक प्रेरणादायक वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इससे विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं जीवन में लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा मिली। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें इंस्टाग्राम स्टोरी एवं व्हाट्सएप स्टेटस के माध्यम से जागरूकता संदेश साझा किए गए। इसके साथ ही प्रोफेसर उमा शशि के संचालन में दो एक्सटेंशन लेक्चर्स का आयोजन किया गया। इन व्याख्यानों के विषय एचआईवी एड्स जागरूकता तथा यौन संचारित रोग रहे।

### बलदेव नगर थाने को उड़ाने की साजिश रचने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार, सात दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** बलदेव नगर थाने को कार में रखे तीन गैस सिलेंडर से दहलाने के प्रयास में पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने फिरोजपुर से दो सगे भाईयों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान आकाश व सौरभ के रूप में हुए है। पुलिस ने आरोपियों को सात दिन के रिमांड पर लिया है। शुरूआती जांच में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। दोनों भाई मुख्य साजिशकर्ता नहीं थे बल्कि उन्हें भी सिग्नल एप के जरिए निर्देश मिला था। पंजाब के मुक्तसर से आरोपियों ने 60 हजार रुपये में मारुति कार खरीदी थी। सिग्नल एप के जरिये ही मिले संदेश के बाद ड्राइवर पटियाला के कर्मजीत से संपर्क किया था। ऐसे में अब मामले के तार सरहद पार की तरफ जुड़ते नजर आ रहे हैं। पुलिस आतंकी हमले के एंगल से मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस पहले कार खड़ी करने वाले कर्मजीत को काबू कर चुकी है।

---


अंबाला। छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते डीटीओ। फोटो : हरिभूमि

#### फुटपाथ का इस्तेमाल करें पैदल यात्री

**अंबाला।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत पैदल चलने वालों, साइकिल चलाने वालों एवं दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर सेंट्रल लाइब्रेरी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ)सुशील कुमार ने छात्रों को सडक सुरक्षा नियमों बारे विस्तार से की जानकारी दी। सुशील कुमार ने पैदल यात्रियों को फुटपाथ का उपयोग करने, ज़ेबरा क्रॉसिंग से ही सडक पार करने, मोबाइल फोन का प्रयोग किए बिना सडक पार करने तथा ट्रैफिक सिगनलों का पालन करने व अन्य ट्रैफिक नियमों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने साइकिल चालकों को सडक के बाईं ओर चलने, दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, रियर व्यू मिरर लगाने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्लिप रोड का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## मशरूम उत्पादन में स्व-रोजगार के लिए महिलाओं को किया प्रेरित

*प्रशिक्षण शिविर में 90 महिलाओं ने लिया हिस्सा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा 5 दिवसीय खूंभ की खेती एवं संसाधन तकनीक पर व्यवसायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के उच्चअधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर में जिले के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक, डॉ. जसविंद्र सैनी ने विशेष तौर पर शिरकत की। इस शिविर के आयोजक डॉ. देवेंद्र चहल ने बताया कि इस अवधि के दौरान महिलाओं को रोजगार के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ मशरूम की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में जिले की 90 अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। केंद्र की वरिष्ठ समन्वयक, सुनीता आहूजा ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ मशरूम की संसाधन तकनीक पर महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ विस्तार विशेषज्ञ (बागवानी) डॉ. चहल ने कहा कि मशरूम एक फायदेमंद व्यवसाय है और महिलाएं मशरूम की खेती कर स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं। इस काम को बेरोजगार, छोटे या भूमिहीन किसान भी कम लागत में शुरू कर सकते हैं।


अंबाला। मशरूम की खेती को लेकर जागरुक करते अधिकारी।

#### मशरूम खेती प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर

मशरूम एक शाकाहारी खाद्य पदार्थ है जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट, विटामिन (बी, सी व डी) व खनिज लवण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। कई खुम्बों में बैक्टीरिया व वायरस रोधक गुण भी पाए जाते हैं। ऋषि खुंभ को जापान में संजीवनी खुंभ व कोरिया में दीर्घायु खुंभ के नाम से भी गोलियां बनाकर बाजारों में बेचा जाता है। इस शिविर में प्रगतिशील किसान आशुनैन ने सफेद बटन खुंभ की छप्परों में की जा रही खेती के बारे में तथा प्रगतिशील किसान मेहर सिंह खुल्लर ने वातानुकुलित कमरों में की जा रही खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला बागवानी विभाग में सलाहाकार दिनेश कुमार व सहायक परियोजना अधिकारी डॉ. अंजली बतान ने खुंभ व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं में सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान के बारे में विस्तार से समझाया ताकि बेरोजगार युवक एवं महिलाएं इन परियोजनाओं का अधिक से अधिक फायदा ले सकें। जिला कार्यात्मक प्रबंधक आजीविका, नीलम व ममता शर्मा ने सभी महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुडने के लिए प्रेरित किया ताकि इन समूहों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। इस प्रशिक्षण के दौरान सभी महिलाओं को युवाओं द्वारा चलाई जा रही मशरूम इकाईओं का भी दौरा करवाया गया ताकि महिलाएं स्वंय देखकर सिख सकें। नैन मशरूम फार्म, मेहला गांव में छप्परों में खुंभ की खेती तथा सुल्लर मशरूम फार्म व उद्यम मशरूम फार्म पर वातानुकूलित कमरों में हो रही मौसमी व बेमौसमी खुंभ की खेती का अपनी ऑखों से अवलोकन किया।

## पक्के गोहर निर्माण कार्य का शुभारंभ

*बारिश में मिलेगी राहत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका बराड़ा के विकास कार्यों को गति देते हुए प्रधान रजत मलिक ने शुक्रवार को गांव बराड़ा में श्मशान घाट से शहीद मनजीत सिंह गैस गोदाम तक बनने वाले पक्के गोहर (रास्ते) के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। पक्के गोहर के निर्माण से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को विशेष राहत मिलेगी। खासकर बारिश के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी, जिससे आवागमन सुगम होगा। ग्रामीणों ने इस लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किए जाने पर नगर पालिका प्रधान रजत मलिक की कार्यशैली की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वार्ड नंबर 11 से पार्षद विजय कुमार, वार्ड नंबर 8 से सदस्य हरभजन सिंह, वार्ड नंबर 7 से सदस्य के पति जसविंदर सिंह सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रधान रजत मलिक ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।


बराड़ा। निर्माण कार्य का शुभारंभ के मौके पर रजत मलिक व अन्य।

### नपा के गठन को लेकर आपत्तियों की सुनवाई के लिए कमेटी गठित

**शहजादपुर।** एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि प्रदेश सरकार की अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायत शहजादपुर, माजरा, बापौली, ऋषि नगर (डेहा बस्ती) तथा भूड़ माजरी को नगर पालिका शहजादपुर का दर्जा देने संबंधी प्राथमिक अधिसूचना जारी की गई है। बता दें कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अधिसूचना के तहत स्थानीय निवासियों से प्राप्त होने वाली आपत्तियों एवं सुझावों की सुनवाई के लिए एक कमेटी गठित की है। इसमें उपमंडल अधिकारी को अध्यक्ष, नायब तहसीलदार अग्रेरियन को सदस्य, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शहजादपुर को सचिव नगरपालिका नारायणगढ़ इसके सदस्य होंगे।

## ईमेल से मिली डीसी ऑफिस में आरडीएक्स होने की सूचना, पुलिस ने गहनता से की जांच

### जांच के दौरान ऑफिस में कुछ नहीं मिला, डीसी कोर्ट में वर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ईमेल के जरिए डीसी ऑफिस में आरडीएक्स बेस्ड ईआईडी होने की सूचना के बाद गहनता से जांच की गई। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि सुबह 8 बजे ऑफिशियल ई-मेल पर एक मेल प्राप्त हुई थी।

उसमें उपायुक्त कार्यालय में आरडीएक्स बेस्ड ईआईडी होने की सूचना थी। इस पर सुरक्षा की दृष्टि से तुंरत संज्ञान लेते हुए पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भी तुंरत कार्रवाई अमल में लाते हुए बम स्कवॉयड की टीम के साथ उपायुक्त कार्यालय खुलने से पहले गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान यहां पर किसी प्रकार का आरडीएक्स नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि एतिहायत के तौर पर उपायुक्त अदालत में वर्क सस्पेंड किया गया है ताकि किसी प्रकार की भीड़भाड़ न हो। साथ ही वाहनों को बाहर की तरफ खड़ा किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त कार्यालय का दैनिक कार्य सुचारू रूप से जारी है। पुलिस व बम स्कवॉयड की टीम ने उपायुक्त ऑफिस की पूरी गहनता से जांच की है। यहां पर किसी प्रकार का आरडीएक्स नहीं मिला है।


अंबाला। उपायुक्त कार्यालय की जांच करते पुलिस का डॉग स्कवॉयड।

### गहरी धुंध के कारण बस-ट्रक में टक्कर, चालक समेत चार जख्मी

**अंबाला।** घने कोहरे के बीच शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। इसमें हरियाणा रोडवेज की एक बस ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस चालक सहित कुल चार लोग घायल हो गए हैं। ट्रक चालक धुंध का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा कुरुक्षेत्र से अंबाला कैंट की ओर आ रही हरियाणा रोडवेज बस के साथ हुआ। सुबह लगभग 7 बजे के आसपास, घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम होने से बस चालक को सामने चल रहे ट्रक का सही अंदाजा नहीं हो सका और बस ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में उस समय 35 से 40 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि टक्कर के बाद कोई अन्य वाहन इससे टकराया नहीं, वरना हादसा और भी भयानक हो सकता था। घायलों में बस चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। अन्य तीन घायल यात्रियों को भी तत्काल इलाज के लिए आदेश अस्पताल, मोहड़ी में भर्ती कराया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से मीडिया कर्मियों के लिए वार्तालाप कार्यक्रम**

# विकसित भारत-जी राम जी महत्वाकांक्षी कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुक्रवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन सभागार में 'विकसित भारत–जी राम जी कानून 2025' को लेकर मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि केंद्र सरकार के पीआईबी (ग्रामीण विकास) के एडीजी राजेंद्र चौधरी विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसीयूटी राहुल कनवरिया तथा सीईओ जिला परिषद गगनदीप विशेष रूप से उपस्थित रहे।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता का अभिनंदन करते डीसी व अन्य।

#### कानून को जल्द ही लागु किया जाएगा

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत–जी राम जी कानून 2025 एक महत्वाकांक्षी और आधुनिक कानून है, जिसे शीघ्र लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत गरीब ग्रामीण परिवारों को हर वित्तीय वर्ष में 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 60 दिनों का विराम भी रखा गया है, जिससे फसल बुवाई और कटाई के समय श्रमिकों की उपलब्धता बनी रहेगी।

#### गांवों के निर्माण में निभाएगा भूमिका

एडीजी राजेंद्र चौधरी ने कहा कि यह कानून आत्मनिर्भर और विकसित गांवों के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम है तथा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को सशक्त करेगा। उन्होंने बताया कि नए कानून में समयबद्ध मजदूरी भुगतान, बेरोजगारी भत्ता और ग्राम सभाओं को निर्णय लेने की शक्ति दी गई है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पीआईबी चंडीगढ़ के मीडिया एवं संचार अधिकारी श्री अहमद खान ने मीडिया को मंत्रालय की अनुसंधान इकाई, फैक्ट चेक यूनिट और केंद्रीय संचार ब्यूरो सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से तनवीर, अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।